षोडश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-05 शुक्रवार, दिनांक-28 फरवरी, 2020 ई० ।

मान्नीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-09 स्थगित ।
(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-11 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में स्थानांतरित ।
(iv) 23 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(v) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(vi) 107 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव** :-

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, श्री रामदेव राय, श्री ललित कुमार यादव, श्री सुदामा प्रसाद एवं श्री समीर कुमार महासेठ से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचना प्रारम्भ होने पर माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव ने दैनिक समाचार पत्र के उद्धरण के साथ महिला उत्पीड़न का मामला उठाया । आसन द्वारा कहा गया कि आप अपनी सूचना को सदन पटल पर रख दें, सरकार संज्ञान लेगी ।

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव	(ii) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(iii) श्री मो० नवाज आलम	(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्री विजय कुमार खेमका	(vi) श्रीमती पूनम देवी यादव

(vii) श्री शत्रुधन तिवारी
(viii) श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी
(ix) श्री ललन पासवान
(x) श्री रामप्रीत पासवान
(xi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xii) श्री विद्या सागर केशरी
(xiii) श्री तार किशोर प्रसाद
(xiv) श्री सुदामा प्रसाद

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री शत्रुधन तिवारी एवं अन्य सभासदों का परिवहन विभाग से संबंधित तथा दिनांक-26.02.2020 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, श्री संतोष कुमार निराला द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री भोला यादव एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री भोला यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, श्री प्रेम कुमार द्वारा कहा गया कि इसका उत्तर दिनांक-19.03.2020 को दिया जाएगा ।

[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय मंत्री, उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार विद्युत विनियामक आयोग का वित्तीय वर्ष 2017-18 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री कपिल देव कामत द्वारा बिहार राज्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति एवं सेवा शर्त)(संशोधन) नियमावली, 2019 तथा बिहार वार्ड सभा तथा वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति कार्य संचालन (संशोधन) नियमावली, 2019 की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

(02.00 बजे अपराह्न से 04.03 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

<u>वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श (दिनांक-27.02.2020 से जारी) में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया</u> :-

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री अजीत शर्मा
(iv) श्री मनोज कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा 2020-21 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श में सरकार की ओर से विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 25 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-02 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.02.2020

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।